# सी.टी.ई.टी. परीक्षा पेपर-I

## हल प्रश्न-पत्र-2014 (नवम्बर)

### भाग-I
### बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**निर्देश**—निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए।

1. किसने सबसे पहले बुद्धि परीक्षण का निर्माण किया ?
   (A) एल्फ्रेड बिने (B) चार्ल्स एडवर्ड स्पीयरमैन
   (C) रॉबर्ट स्टर्नबर्ग (D) डेविड वैश्लर

2. एक शिक्षक कक्षा के कार्य को एकत्र करता है और उन्हें पढ़ता है, उसके बाद योजना बनाता है और अपने अगले पाठ को शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समायोजित करता है। वह ………… कर रहा/रही है।
   (A) सीखने के रूप में आकलन
   (B) सीखने के लिए आकलन
   (C) सीखने के समय आकलन
   (D) सीखने का आकलन

3. कक्षा-कक्ष में जेंडर (लिंग) विभेद—
   (A) शिक्षार्थियों के ह्रासोन्मुख प्रयासों अथवा निष्पादन का कारण बन सकता है
   (B) पुरुष शिक्षार्थियों के वृद्धि-उन्मुख प्रयासों अथवा निष्पादन का कारण बन सकता है
   (C) महिला शिक्षकों की अपेक्षा पुरुष शिक्षकों के द्वारा अधिक किया जाता है
   (D) शिक्षार्थियों के निष्पादन को प्रभावित नहीं करता है

4. ध्वनि-सम्बन्धी जागरूकता निम्नलिखित में से किस क्षमता से सम्बन्धित है ?
   (A) सही-सही व धाराप्रवाह बोलना
   (B) जानना, समझना व लिखना
   (C) व्याकरण के नियमों में दक्ष होना
   (D) ध्वनि संरचना पर चिन्तन करना व उसमें हेर-फेर करना

5. प्रकृति-पोषण विवाद निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है ?
   (A) व्यवहार एवं वातावरण
   (B) वातावरण एवं जीव-विज्ञान
   (C) वातावरण एवं पालन-पोषण
   (D) आनुवंशिकी एवं वातावरण

6. मानव विकास ……… है।
   (A) गुणात्मक
   (B) कुछ सीमा तक अमापनीय
   (C) मात्रात्मक और गुणात्मक दोनों
   (D) मात्रात्मक

7. निम्न में से कौन-सा समाजीकरण की निष्क्रिय एजेंसी है ?
   (A) परिवार
   (B) ईको क्लब
   (C) सार्वजनिक पुस्तकालय
   (D) स्वास्थ्य क्लब

8. संज्ञानात्मक विकास निम्न में से किसके द्वारा समर्थित होता है ?
   (A) उन गतिविधियों को प्रस्तुत करना, जो पारम्परिक पद्धतियों को सुदृढ़ बनाती हैं
   (B) एक समृद्ध और विविधतापूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना
   (C) सहयोगात्मक की अपेक्षा वैयक्तिक गतिविधियों पर अधिक ध्यान केन्द्रित करना
   (D) जितना सम्भव हो उतनी आवृत्ति से संगत और सुनियोजित परीक्षाओं का आयोजन करना

9. निम्न में से कौन-सा सीखने की शैली का एक उदाहरण है ?
   (A) संग्रहण (B) तथ्यात्मक
   (C) स्पर्श-सम्बन्धी (D) चाक्षुष

Visit Us - www.allgovtjobsindia.in

10. ......... प्रेरणाएँ अनुभूतियों के सन्तुष्टिकरण की अवस्थाओं तक पहुँचने और वैयक्तिक लक्ष्यों को प्राप्त करने की आवश्यकता को सम्बोधित करती हैं।

(A) भावात्मक (B) संरक्षणोन्मुखी
(C) सुरक्षा-उन्मुखी (D) प्रभावी

11. एक आन्तरिक बल जो प्रोत्साहित करता है और व्यवहारपरक प्रतिक्रिया के लिए बाध्य करता है एवं उस प्रतिक्रिया को विशिष्ट दिशा उपलब्ध कराता है, ......... है।

(A) अध्यवसाय (B) संवेग
(C) वचनबद्धता (D) अभिप्रेरण

12. निम्नलिखित में से कौन-सा कारक अधिगम को सकारात्मक प्रकार से प्रभावित करता है ?

(A) सहपाठियों से प्रतियोगिता
(B) अर्थपूर्ण सम्बन्ध
(C) माता-पिता की ओर से दबाव
(D) अनुत्तीर्ण हो जाने का भय

13. प्रतिभाशाली शिक्षार्थियों को ......... से जुड़े प्रश्नों पर अधिक समय देने के लिए कहा जा सकता है।

(A) समझ (B) सर्जन
(C) विश्लेषण (D) स्मरण

14. निम्न में से कौन-सा कौशल संवेगात्मक बुद्धि से सम्बन्धित है?

(A) गतिक प्रक्रमण (B) विचार करना
(C) समानुभूति देना (D) याद करना

15. गणित में अधिगम निर्योग्यता का आकलन निम्न में से किस परीक्षण द्वारा सर्वाधिक उचित तरीके से किया जा सकता है ?

(A) निदानात्मक परीक्षण (B) स्क्रीनिंग परीक्षण
(C) उपलब्धि परीक्षण (D) अभिक्षमता परीक्षण

16. प्रवाहपूर्णता, व्याख्या, मौलिकता और लचीलापन ......... के साथ सम्बन्धित तत्व हैं।

(A) गुण (B) अपसारी चिन्तन
(C) त्वरण (D) प्रतिभा

17. 'सभी के लिए विद्यालयों में सभी की शिक्षा' निम्नलिखित में से किसके लिए प्रचार वाक्य हो सकता है ?

(A) समावेशी शिक्षा (B) सहयोगात्मक शिक्षा
(C) पृथक् शिक्षा (D) संसक्तिशील शिक्षा

18. निम्न में से कौन-सी शब्दावली प्राय: "अभिप्रेरणा" के साथ अन्त:बदलाव के साथ इस्तेमाल की जाती है ?

(A) संवेग (B) आवश्यकता
(C) उत्प्रेरणा (D) पुरस्कार (प्रेरक)

19. निम्न में से कौन-सा स्टर्नबर्ग का बुद्धि का त्रिस्तरीय सिद्धान्त का एक रूप है ?

(A) प्रायोगिक बुद्धि (B) संसाधनपूर्ण बुद्धि
(C) गणितीय बुद्धि (D) व्यावहारिक बुद्धि

20. एक वर्ष तक के शिशु जब आँख, कान व हाथों से "सोचते" हैं, तो निम्नलिखित में से कौन-सा स्तर शामिल होता है ?

(A) पूर्व-संक्रियात्मक स्तर
(B) इंद्रियजनित गामक स्तर
(C) अमूर्त संक्रियात्मक स्तर
(D) मूर्त संक्रियात्मक स्तर

21. वाइगोत्स्की के सिद्धान्त में, विकास के निम्नलिखित में से कौन-से पहलू की उपेक्षा होती है ?

(A) सांस्कृतिक (B) जैविक
(C) भाषायी (D) सामाजिक

22. छात्राएँ—

(A) अपनी उम्र के लड़कों की तरह गणित में अच्छी हैं
(B) अपनी उम्र के लड़कों की तुलना में स्थानिक अवधारणाओं में कम कुशलतापूर्ण निष्पादन करती हैं
(C) भाषिक और संगीत सम्बन्धी अधिक क्षमताएँ रखती हैं
(D) गणित के सवाल अच्छे से सीखती हैं, लेकिन उन्हें तब कठिनाई आती है जब उनसे उनके तर्क के बारे में पूछा जाता है

23. "ग्रेड अंकों से कैसे अलग हैं ?"
यह प्रश्न निम्न में से किस प्रकार के प्रश्नों से सम्बन्ध रखता है ?

(A) विश्लेषणात्मक (B) मुक्त-अन्त
(C) समस्या-समाधान (D) अपसारी

24. शब्दों में अक्षरों के क्रम को पढ़ने में कठिनाई का अनुभव करना और अकसर चाक्षुष स्मृति का ह्रास ......... से सम्बन्धित है।

(A) डिस्केल्कुलिया (B) डिस्ग्राफिया
(C) डिस्प्राक्सिया (D) डिस्लेक्सिया



Visit Us - www.allgovtjobsindia.in

**25.** रिया कक्षा पिकनिक तय करने हेतु रिषम से सहमत नहीं है। वह सोचती है कि बहुमत के अनुकूल बनाने के लिए नियमों का संशोधन किया जा सकता है। यह सहपाठी विरोध, पियाज़े के अनुसार, निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है ?

(A) संज्ञानात्मक अपरिपक्वता (B) प्रतिक्रिया

(C) सहयोग की नैतिकता (D) विषमांग नैतिकता

**26.** वे शिक्षक, जो विद्यालय आधारित आकलन के अन्तर्गत कार्य करते हैं–

(A) उन्हें प्रत्येक शिक्षार्थी को प्रत्येक विषय में परियोजना कार्य देना पड़ता है

(B) शिक्षार्थियों के मूल्यों और अभिवृत्तियों का आकलन करने के लिए रोज़ाना उनका सूक्ष्म अवलोकन करते हैं

(C) व्यवस्था के लिए स्वामित्व की भावना रखते हैं

(D) उन पर अधिक कार्य का बोझ रहता है, क्योंकि उन्हें सोमवार की परीक्षा सहित अकसर परीक्षा लेनी पड़ती है

**27.** एल्बर्ट बैन्ड्यूरा के सामाजिक अधिगम सिद्धान्त के अनुसार निम्न में से कौन-सा सही है ?

(A) बच्चों के सीखने के लिए प्रतिरूपण (मॉडलिंग) एक मुख्य तरीका है

(B) अनसुलझा संकट बच्चे को नुकसान पहुँचा सकता है

(C) संज्ञानात्मक विकास सामाजिक विकास से स्वतन्त्र है

(D) खेल अनिवार्य है और उसे विद्यालय में प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

**28.** जब बच्चे एक अवधारणा को सीखते हैं और उसका प्रयोग करते हैं, तो अभ्यास उनके द्वारा की जाने वाली त्रुटियों को कम करने में मदद करता है। यह विचार ........... के द्वारा दिया गया।

(A) जीन पियाज़े (B) जे. बी. वॉटसन

(C) लेव वाइगोत्स्की (D) ई. एल. थॉर्नडाइक

**29.** सिद्धान्त चित्र ......... के द्वारा नवीन अवधारणाओं की समझ बढ़ाते हैं।

(A) विशिष्ट विवरण पर एकाग्रता केन्द्रित करने

(B) अध्ययन के लिए शैक्षणिक विषय-वस्तु की प्राथमिकता तय करने

(C) तर्कपूर्ण ढंग से सूचनाओं को व्यवस्थित करने की योग्यता को बढ़ाने

(D) विषय-क्षेत्रों के बीच ज्ञान के स्थानान्तरण

**30.** निगमनात्मक तर्कणा में शामिल है/हैं–

(A) विशिष्ट से सामान्य की ओर तर्कणा

(B) ज्ञान का सक्रिय निर्माण और पुनर्निर्माण

(C) अन्वेषणपरक सीखना और स्वतः खोजपरक सम्बन्धी पद्धतियाँ

(D) सामान्य से विशिष्ट की ओर तर्कणा

## भाग – II
## गणित

***निर्देश**–निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए।*

**31.** गणित में प्रक्रमण सम्बन्धी प्रवाहपूर्णता का अर्थ है नियमों, सूत्रों और कलन विधियों/कलन गणित का ज्ञान होना और परिशुद्धता, लचीलेपन एवं निपुणता के साथ उनका क्रियान्वयन करना।

गणित में लचीलापन ......... की ओर संकेत करता है।

(A) समान निपुणता के साथ अंकगणित और ज्यामिति की समस्याओं का समाधान करने की योग्यता

(B) एक से अधिक उपागमों का प्रयोग करते हुए एक खास प्रकार की समस्या का समाधान करने की योग्यता

(C) परिशुद्धता के साथ समस्याओं का समाधान करने और सभी चरणों को लिखने की योग्यता

(D) समान प्रकरण से विभिन्न प्रकार की समस्याओं का समाधान करने की योग्यता

**32.** कक्षा-कक्ष में गणितीय भाषा में निपुणता को निम्नलिखित क्रम में समस्याओं को प्रदर्शित करने के द्वारा बढ़ाया जा सकता है–

(A) प्रतीकात्मक भाषा → गणितीय समस्या समाधान की भाषा → गणितीयकरण स्थिति भाषा → रोज़मर्रा की भाषा

(B) रोज़मर्रा की भाषा → गणितीय समस्या समाधान की भाषा → गणितीयकरण स्थिति भाषा → प्रतीकात्मक भाषा

(C) गणितीय समस्या समाधान की भाषा → गणितीयकरण स्थिति भाषा → प्रतीकात्मक भाषा → रोज़मर्रा की भाषा

(D) रोज़मर्रा की भाषा → गणितीयकरण स्थिति भाषा → गणितीय समस्या समाधान की भाषा → प्रतीकात्मक भाषा

Visit Us - www.allgovtjobsindia.in

**25.** रिया कक्षा पिकनिक तय करने हेतु रिषम से सहमत नहीं है। वह सोचती है कि बहुमत के अनुकूल बनाने के लिए नियमों का संशोधन किया जा सकता है। यह सहपाठी विरोध, पियाज़े के अनुसार, निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है ?

(A) संज्ञानात्मक अपरिपक्वता (B) प्रतिक्रिया

(C) सहयोग की नैतिकता (D) विषमांग नैतिकता

**26.** वे शिक्षक, जो विद्यालय आधारित आकलन के अन्तर्गत कार्य करते हैं—

(A) उन्हें प्रत्येक शिक्षार्थी को प्रत्येक विषय में परियोजना कार्य देना पड़ता है

(B) शिक्षार्थियों के मूल्यों और अभिवृत्तियों का आकलन करने के लिए रोज़ाना उनका सूक्ष्म अवलोकन करते हैं

(C) व्यवस्था के लिए स्वामित्व की भावना रखते हैं

(D) उन पर अधिक कार्य का बोझ रहता है, क्योंकि उन्हें सोमवार की परीक्षा सहित अकसर परीक्षा लेनी पड़ती है

**27.** एल्बर्ट बैन्ड्यूरा के सामाजिक अधिगम सिद्धान्त के अनुसार निम्न में से कौन-सा सही है ?

(A) बच्चों के सीखने के लिए प्रतिरूपण (मॉडलिंग) एक मुख्य तरीका है

(B) अनसुलझा संकट बच्चे को नुकसान पहुँचा सकता है

(C) संज्ञानात्मक विकास सामाजिक विकास से स्वतन्त्र है

(D) खेल अनिवार्य है और उसे विद्यालय में प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

**28.** जब बच्चे एक अवधारणा को सीखते हैं और उसका प्रयोग करते हैं, तो अभ्यास उनके द्वारा की जाने वाली त्रुटियों को कम करने में मदद करता है। यह विचार ............ के द्वारा दिया गया।

(A) जीन पियाज़े (B) जे. बी. वॉटसन

(C) लेव वाइगोत्स्की (D) ई. एल. थॉर्नडाइक

**29.** सिद्धान्त चित्र ......... के द्वारा नवीन अवधारणाओं की समझ बढ़ाते हैं।

(A) विशिष्ट विवरण पर एकाग्रता केन्द्रित करने

(B) अध्ययन के लिए शैक्षणिक विषय-वस्तु की प्राथमिकता तय करने

(C) तर्कपूर्ण ढंग से सूचनाओं को व्यवस्थित करने की योग्यता को बढ़ाने

(D) विषय-क्षेत्रों के बीच ज्ञान के स्थानान्तरण

**30.** निगमनात्मक तर्कणा में शामिल है/हैं—

(A) विशिष्ट से सामान्य की ओर तर्कणा

(B) ज्ञान का सक्रिय निर्माण और पुनर्निर्माण

(C) अन्वेषणपरक सीखना और स्वतः खोजपरक सम्बन्धी पद्धतियाँ

(D) सामान्य से विशिष्ट की ओर तर्कणा

## भाग – II
## गणित

***निर्देश**—निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए।*

**31.** गणित में प्रक्रमण सम्बन्धी प्रवाहपूर्णता का अर्थ है नियमों, सूत्रों और कलन विधियों/कलन गणित का ज्ञान होना और परिशुद्धता, लचीलेपन एवं निपुणता के साथ उनका क्रियान्वयन करना।

गणित में लचीलापन ......... की ओर संकेत करता है।

(A) समान निपुणता के साथ अंकगणित और ज्यामिति की समस्याओं का समाधान करने की योग्यता

(B) एक से अधिक उपागमों का प्रयोग करते हुए एक खास प्रकार की समस्या का समाधान करने की योग्यता

(C) परिशुद्धता के साथ समस्याओं का समाधान करने और सभी चरणों को लिखने की योग्यता

(D) समान प्रकरण से विभिन्न प्रकार की समस्याओं का समाधान करने की योग्यता

**32.** कक्षा-कक्ष में गणितीय भाषा में निपुणता को निम्नलिखित क्रम में समस्याओं को प्रदर्शित करने के द्वारा बढ़ाया जा सकता है—

(A) प्रतीकात्मक भाषा → गणितीय समस्या समाधान की भाषा → गणितीयकरण स्थिति भाषा → रोज़मर्रा की भाषा

(B) रोज़मर्रा की भाषा → गणितीय समस्या समाधान की भाषा → गणितीयकरण स्थिति भाषा → प्रतीकात्मक भाषा

(C) गणितीय समस्या समाधान की भाषा → गणितीयकरण स्थिति भाषा → प्रतीकात्मक भाषा → रोज़मर्रा की भाषा

(D) रोज़मर्रा की भाषा → गणितीयकरण स्थिति भाषा → गणितीय समस्या समाधान की भाषा → प्रतीकात्मक भाषा



Visit Us - www.allgovtjobsindia.in

**33.** प्राथमिक स्तर के बच्चे दी गई आकृतियों को उनकी दिखावट के आधार पर वर्गीकृत करने के योग्य हैं। वेनहाइल के अनुसार वे ज्यामितीय के ......... पर हैं।

(A) विश्लेषणात्मक स्तर
(B) अनौपचारिक निगमन स्तर
(C) औपचारिक निगमन स्तर
(D) मानसिक चित्रण स्तर

**34.** कक्षा 3 में, एक शिक्षक शिक्षार्थियों को 4562 और 728 का योग करने के लिए कहता है। एक शिक्षार्थी प्रश्न के उत्तर में निम्न प्रकार से प्रतिक्रिया करता है–

$$\begin{array}{r} 4562 \\ +\ 728 \\ \hline 11842 \\ \hline \end{array}$$

यह प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि बच्चे में ... में कमी है।

(A) स्थानीय मान की अवधारणा
(B) पुनर्समूहीकरण के द्वारा योग के कौशल
(C) योग के सही क्रम की अवधारणा
(D) योग के कौशल

**35.** हस्त-परख प्रतिमान, स्थिर चित्र, लिखित प्रतीक, मौखिक और लिखित भाषा, वास्तविक संसार की स्थितियाँ अथवा सन्दर्भ ......... को दर्शाने के पाँच तरीके हैं।

(A) ज्यामितीय प्रमाण
(B) गणित की पाठ्यचर्या
(C) गणितीय शब्द-भंडार
(D) गणितीय चिन्तन एवं विचार

**36.** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005 के अनुसार, प्राथमिक स्तर पर संख्याओं और उन पर संक्रियाओं, मात्राओं का मापन, आदि का शिक्षण–

(A) गणित शिक्षण के उच्च उद्देश्य को पूरा करता है
(B) बच्चे की चिन्तन प्रक्रिया के गणितीयकरण के उद्देश्य को पूरा करता है
(C) महत्वपूर्ण गणित शिक्षण के उद्देश्य को पूरा करता है
(D) गणित शिक्षण के संकीर्ण उद्देश्य को पूरा करता है

**37.** कक्षा IV की पाठ्य-पुस्तक से दी गई निम्नलिखित समस्याओं में से कौन-सी 'बहु-अनुशासनात्मक समस्या' की ओर संकेत करती है ?

(A) दी गई आकृति की दर्पण छवि (प्रतिबिम्ब) का आरेख बनाइए।
(B) दी गई आकृति में कितनी सममिति रेखाएँ हैं।
(C) किसी दी गई ज्यामितीय आकृति में एक सममिति रेखा खींचना।
(D) भारत के झंडे का आरेख बनाइए और झंडे में सममिति रेखाओं की संख्या की पहचान कीजिए।

**38.** निम्न ग्रिड वर्गाकार कागज़ पर खींचा गया है :



Th H T O    Th H T O

यह निरूपण किसकी ओर संकेत करता है ?

(A) स्थानीय मान की अवधारणा
(B) दहाई और इकाई की तुल्यता
(C) गणितीय खेल
(D) गिनतारा (अबेकस) पर संख्याओं की स्थिति

**39.** मानसिक गणित सम्बन्धी गतिविधियाँ महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि यह निम्नलिखित में से किसी एक के अवसर उपलब्ध कराती हैं–

(A) पेपर-पेंसिल का उपयोग करते हुए कक्षा में प्रक्रियाओं को सीखने में निपुणता प्राप्त करना
(B) कलन विधि (ऐल्गोरिथ्म) को सीखने में निपुणता प्राप्त करना और कम समय में अधिक संख्या में समस्याओं का अभ्यास करना
(C) परिकलन में परिशुद्धता के साथ उनकी गति को बढ़ाने और परीक्षाओं में उनके निष्पादन में सुधार करने में मदद करना
(D) मानसिक संगणना सम्बन्धी प्रक्रियाओं का विकास, क्योंकि शिक्षार्थी तेज़ गति से संख्याओं के परिकलन के बीच सम्बन्धों की पहचान करने की कोशिश करते हैं

**40.** एक बच्चा मानसिक रूप से (27 + 38) को 65 के रूप में परिकलित करता है। जब उसे योग करने के अपने तरीके के बारे में व्याख्या करने के लिए कहा गया, तो उसने प्रतिक्रिया के रूप में कहा कि 38, 40 के नजदीक है, इसलिए (27 + 40), 67 है, तो मैंने 65 को प्राप्त करने के लिए 2 घटा दिए।

योग करने की यह युक्ति ......... है।

(A) पुनर्समूहीकरण    (B) प्रतिकारी
(C) संवर्द्धिकारक    (D) प्रतास प्रतिरूपा

Visit Us - www.allgovtjobsindia.in

**41.** जियो-बोर्ड (Geo-Board) किसके शिक्षण का एक प्रभावी साधन है ?

(A) ज्यामितीय आकृतियाँ और उनकी विशेषताएँ

(B) द्विविमा और त्रिविमा आकृतियों में अन्तर करना

(C) सममिति की अवधारणाएँ

(D) आधारभूत ज्यामितीय अवधारणाओं जैसे किरणें, रेखाएँ और कोण

**42.** प्राथमिक कक्षा को एक बच्चा संख्या, संक्रिया चि ों, सिक्कों एवं घड़ी की सुइयों में अन्तर स्थापित नहीं कर पाता है। यह तथ्य इंगित करता है कि इस बच्चे को निम्नलिखित में से किस प्रक्षेत्र में समस्या है ?

(A) प्रक्रिया स्मृति (B) दृश्य प्रक्रमण

(C) भाषा प्रक्रमण (D) श्रवण स्मृति

**43.** एक शिक्षक कक्षा III में निम्नलिखित कार्डों का वितरण करता है और बच्चों को समान आकृतियों का मिलान करने के लिए कहता है।



इस खेल का उद्देश्य है—

(A) विभिन्न अभिविन्यासों में समान आकृतियों की पहचान करने में बच्चों की मदद करना

(B) आँख-हाथ के समन्वय को बढ़ाना

(C) समानता और सर्वांगसमता की अवधारणा विकसित करना

(D) कक्षा-कक्ष के वातावरण को व्यस्त और आनन्ददायक बनाना

**44.** निम्न में से कौन-सा सही **नहीं** है ?

(A) 1 किलोग्राम 12 ग्राम = 1·012 किलोग्राम

(B) 10 मीटर 10 सेंटीमीटर = 1010 सेंटीमीटर

(C) $\frac{23}{100} = 2{\cdot}30$

(D) 1 मिलीमीटर, 1 सेंटीमीटर का एक-दशांश है

**45.** गुणनफल $1109 \times 505$ में से कौन-सी संख्या घटाई जाए ताकि 505050 प्राप्त हो ?

(A) 55005 (B) 54995

(C) 59495 (D) 49495

**46.** 210 के धनात्मक गुणनखण्डों का योगफल है—

(A) 575 (B) 573

(C) 366 (D) 576

**47.** एक टंकी में 240 लीटर (L) 128 मिलीलीटर (mL) दूध है जिसको 16 ज़ारों, जो एक ही साइज़ (माप) के हैं, में पूर्णतया भरा जा सकता है। ऐसे 22 ज़ारों में कितना दूध होगा ?

(A) 331 L, 760 mL (B) 331 L, 176 mL

(C) 332 L, 650 mL (D) 330 L, 176 mL

**48.** 10 इकाई + 10 दहाई + 10 हज़ार बराबर है—

(A) 101010 (B) 10110

(C) 11011 (D) 11100

**49.** गोरंग ने सोमवार को $4\frac{1}{2}$ घण्टे, मंगलवार को 190 मिनट, बुधवार को 5 : 20 a.m. से 9 : 10 a.m. तक और शुक्रवार को 220 मिनट काम किया। उसे एक घण्टा काम करने के ₹ 42 मिलते हैं। उसने सोमवार से लेकर शुक्रवार तक कुल कितना कमाया ?

(A) ₹ 580 (B) ₹ 540

(C) ₹ 637 (D) ₹ 560

**50.** चार और दो-तिहाई समकोणों में डिग्रियों की संख्या है—

(A) ₹ 420 (B) ₹ 330

(C) ₹ 400 (D) ₹ 310

**51.** 35362 में 5 के स्थानीय मान तथा इसके अंकित मान में अन्तर है—

(A) 495 (B) 4995

(C) 5005 (D) 0



Visit Us - www.allgovtjobsindia.in

**52.** छब्बीस और छब्बीस शतांक को लिखा जाता है—

(A) 26·26 (B) 262·6

(C) 2·626 (D) 2626

**53.** (4, 5, और 6 का सबसे छोटा सार्व गुणज) और (5, 6 और 9 का सबसे छोटा सार्व गुणज)का अन्तर है—

(A) 45 (B) 48

(C) 60 (D) 30

**54.** 19009   11 और 9090   11से प्राप्त शेषफलों का गुणनफल है—

(A) 5 (B) 8

(C) 12 (D) 4

**55.** 4 अंकों वाली सबसे बड़ी संख्या और 3 अंकों वाली सबसे छोटी संख्या का योगफल है—

(A) 9899 (B) 10099

(C) 10999 (D) 7000

**56.** पानी की एक टंकी 11 मीटर लम्बी, 10 मीटर चौड़ी और 9 मीटर ऊँची है। इसमें 6 मीटर की ऊँचाई तक पानी भरा गया है। टंकी का कितना भाग खाली है ?

(A) $\frac{1}{3}$ (B) $\frac{1}{6}$

(C) $\frac{2}{3}$ (D) $\frac{1}{4}$

**57.** $3\frac{1}{3}$ में कितने $\frac{1}{6}$ हैं ?

(A) 15 (B) 18

(C) 20 (D) 12

**58.** एक आयत और एक वर्ग के परिमाप बराबर हैं। वर्ग का परिमाप 96 सेंटीमीटर है और आयत की चौड़ाई वर्ग की भुजा से 4 सेंटीमीटर कम है। तब आयत के क्षेत्रफल (वर्ग सेंटीमीटर में) का दुगुना किसके बराबर है ?

(A) 960 (B) 1040

(C) 1120 (D) 560

**59.** शिक्षार्थी के गणितीय निष्पादन अवरोधन के साथ सम्बन्धित चाक्षुष स्मृति अवरोध का सम्भावित संकेतक है—

(A) संख्या रेखा का प्रयोग करने में कठिनाई

(B) एक क्रम में गणना करने में कठिनाई

(C) छोटे परिचालनों के साथ व्यवहार करने में कठिनाई

(D) गणित सम्बन्धी तथ्यों के संधारण में अयोग्यता और समय बताने में कठिनाई

**60.** भाग की अवधारणा पढ़ाने के बाद, एक शिक्षक कक्षा-कक्ष में 'गणितीय दीवार' का निर्माण करते हैं और शिक्षार्थियों को 48 घण्टों में दिए गए कॉलमों में भाग सम्बन्धी कोई दो तथ्य लिखने के लिए कहते हैं—

| | गणितीय दीवार | | |
|---|---|---|---|
| **अंकित**<br>25   5 = 5 | **अंकुर**<br>0   6 = 0 | **बबीता** | **बॉबी** |
| प्रज्ञा | ध्रुव | सोहन | हर्ष |
| राहुल | स्मिता | सुनील | तुषार |

यह गतिविधि ......... में शिक्षक की सहायता कर सकती है।

(A) अगले दो दिनों के लिए शिक्षार्थियों को किसी गणितीय कार्य में व्यस्त रखने

(B) प्रत्येक बच्चे को अभिव्यक्ति के और एक-दूसरे स सीखने के अवसर देने

(C) शिक्षार्थियों द्वारा सीखे गए तथ्यों की संख्या का रिकॉर्ड रखने

(D) शोरमुक्त कक्षा-कक्ष वातावरण बनाने

## भाग–III
## पर्यावरण अध्ययन

**निर्देश**—निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए।

**61.** 'खेल जो हम खेलते हैं' प्रकरण के शिक्षण में शिक्षार्थियों की अधिकतम भागीदारिता के लिए निम्न में से कौन-सी शिक्षण-युक्ति अधिक प्रभावी होगी ?

(A) विभिन्न खेलों के खेल-कार्ड बनाना और उन्हें शिक्षार्थियों को दिखाना

(B) शिक्षार्थियों को भीतर और बाहर खेले जाने वाले विभिन्न खेलों के नाम याद करने के लिए कहना

(C) शिक्षार्थियों को टेलीविज़न पर खेल सम्बन्धी कार्यक्रमं को देखने और उस पर आधारित सामान्य परियोजन कार्य बनाने के लिए कहना

(D) शिक्षार्थियों को खेल के मैदान में ले जाना और उ अलग-अलग दिनों में अलग-अलग खेल खिला

**62.** कक्षा III के शिक्षार्थियों को 'हमारे दोस्त-पक्षी' प्रकरण प समय नलिनी नीचे दी गई पद्धति का प्रयोग करती है—



Visit Us - www.allgovtjobsindia.in

1. पक्षियों पर आधारित वृत्तचित्र दिखाना।
2. विभिन्न पक्षियों की तस्वीरों वाले चार्ट का प्रयोग करना और संक्षेप में उनका वर्णन करना।
3. शिक्षार्थियों को नज़दीक के पार्क में ले जाना और उनसे पक्षियों को ध्यान से देखने के लिए कहना।

नलिनी किस प्रयोजन के लिए सीखने के विभिन्न उपागमों का प्रयोग कर रही हैं ?

(A) बहुबुद्धि वाले शिक्षार्थियों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करना
(B) दूसरे शिक्षकों और अभिभावकों को प्रभावित करना
(C) शिक्षार्थियों में तर्कशक्ति का विकास करना
(D) अपनी पाठ-योजना का पालन करना

**63.** वृक्ष संरक्षण की अवधारणा के बारे में शिक्षार्थियों को संवेदनशील बनाने के लिए गुंजन निम्नलिखित क्रियाकलापों का आयोजन करती है—

1. प्रत्येक शिक्षार्थी को इस बात के लिए प्रोत्साहित करना कि वे एक-एक वृक्ष को अपनाएँ और उसकी देखभाल करें।
2. वन-संरक्षण और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करना।
3. वृक्षों पर आधारित पोस्टर-निर्माण सम्बन्धी प्रतियोगिता का आयोजन करना।
4. शिक्षार्थियों को कटी लकड़ियों के भंडार दिखाना।

वांछित उद्देश्य को प्राप्त करने में ऊपर दी गई गतिविधियों में से कौन-सी सबसे कम प्रभावी होगी ?

(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 1

**64.** आँचल अपनी कक्षा V में पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में अकसर गहन जाँच-पड़ताल वाले और कल्पनापरक प्रश्न पूछती है। उसके द्वारा इस प्रकार करने का उद्देश्य ……… सुधार करना है।

(A) संवेगात्मक कौशलों में
(B) चिन्तन कौशलों में
(C) बोलने सम्बन्धी कौशलों में
(D) अवलोकन कौशलों में

**65.** कक्षा V के शिक्षार्थियों को 'यदि यह समाप्त हो जाए' पाठ पढ़ाने के बाद शीला प्रकरण के बारे में शिक्षार्थियों की समझ के स्तर के बारे में जानने के लिए एक परीक्षण प्रशासित करती है। उसे यह जानकर आश्चर्य होता है कि एक बड़ी संख्या में शिक्षार्थी सम्बन्धित अवधारणा को नहीं समझ पाए। इसका प्रमुख कारण हो सकता है—

(A) शिक्षार्थियों का संज्ञानात्मक स्तर अच्छा नहीं था
(B) यह प्रकरण पाठ्य-पुस्तक में शामिल किए जाने योग्य नहीं था
(C) शिक्षार्थियों को यह प्रकरण रोचक नहीं लगा
(D) उसने प्रकरण को पढ़ाने के लिए सही पद्धति का प्रयोग नहीं किया था

**66.** कक्षा V की पर्यावरण अध्ययन की पाठ्य-पुस्तक के एक पाठ में 'सर्वेक्षण और लेखन' पर एक भाग का मुख्य उद्देश्य है—

(A) शिक्षार्थियों को अवसर उपलब्ध कराना कि वे चीज़ों को खोजें और सीखें
(B) विषय की आधारभूत अवधारणाओं को सीखने में शिक्षार्थियों की मदद करना
(C) शिक्षार्थियों के व्यावहारिक कौशलों में सुधार करना
(D) शिक्षार्थियों की सामान्य जानकारी का आकलन करना

**67.** ई.वी.एस. संक्षेपण ……… अर्थ में प्रयुक्त होता है।

(A) एनवायरन्मेंटल साइंस
(B) एनवायरन्मेंटल सोर्सेज़
(C) एनवायरन्मेंटल स्टडीज़
(D) एनवायरन्मेंटल स्किल्स

**68.** भारत के मानचित्र में दिल्ली की स्थिति के सापेक्ष हिमाचल प्रदेश की राजधानी (शिमला) और मध्य प्रदेश की राजधानी (भोपाल) क्रमशः स्थित हैं, दिल्ली के—

(A) दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व में
(B) उत्तर और दक्षिण में
(C) दक्षिण-पूर्व और उत्तर-पश्चिम में
(D) उत्तर-पूर्व और उत्तर-पश्चिम में

**69.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण का उद्देश्य नहीं है ?

(A) शिक्षक कक्षा-कक्ष में कड़े अनुशासन को सुनिश्चित करें
(B) बच्चों को प्रश्न पूछने के लिए अवश्य अभिप्रेरित करना चाहिए



Visit Us - www.allgovtjobsindia.in

(C) बच्चों को अपने निकटतम परिवेश से परिचय प्राप्त करने के लिए अवश्य अभिप्रेरित करना चाहिए

(D) कक्षा-कक्ष में होने वाले अधिगम को विद्यालय के बाहर की दुनिया के साथ जोड़ना

70. कोई डॉक्टर एक मरीज़ को खाने के लिए कुछ दवाइयाँ लिखता है और साथ ही गुड़, आँवला और हरी पत्तेदार सब्ज़ियाँ ज़रूर खाने का सुझाव देता है। यह मरीज़ किस रोग से पीड़ित होना चाहिए ?

(A) मियादी बुखार (B) मलेरिया

(C) अनीमिया (D) बुखार

71. निम्नलिखित समूहों में से उस समूह को चुनिए, जिसमें खाना पकाने के तरीके (ढंग) दिए गए हैं–

(A) सेंककर, उबालकर, बेलकर

(B) तलकर, भिगोकर, भूनकर

(C) सेंककर, तलकर, भूनकर

(D) उबालकर, गूँधकर, भूनकर

72. "रेगिस्तानी ओक" एक पेड़ का नाम है जिसकी जड़ें उस गहराई तक जमीन में भीतर आती है जब तक कि पानी तक न पहुँच जाएँ। इस पेड़ की जड़ों की गहराई इस पेड़ के ऊँचाई की लगभग 30 गुनी होती है। यह पेड़ कहाँ पाया जाता है ?

(A) आबू धाबी (B) ऑस्ट्रेलिया

(C) रूस (D) राजस्थान

73. माउन्ट एवरेस्ट के बारे में सही कथन चुनिए–

(A) यह नेपाल का भाग है और इसकी चोटी की ऊँचाई 8900 मीटर है।

(B) यह भारत का भाग है और इसकी चोटी की ऊँचाई 9850 मीटर है।

(C) यह तिब्बत का भाग है और इसकी चोटी की ऊँचाई 9850 मीटर है।

(D) यह जम्मू और कश्मीर का भाग है और इसकी चोटी की ऊँचाई 8900 मीटर है।

74. काँसा (ब्रॉंज) दो धातुओं का मिश्रण है। ये दो धातुएँ हैं–

(A) ताँबा और टिन

(B) ताँबा और लोहा (आयरन)

(C) ऐलुमिनियम और टिन

(D) ताँबा और जस्त (ज़िंक)

75. कुछ पक्षी हमारी तुलना में चार गुनी अधिक दूरी तक देख सकते हैं। ये पक्षी हैं–

(A) बाज़, कबूतर, तोता (B) चील, बाज़, गिद्ध

(C) फ़ाख़्ता, कौआ, मोर (D) कौआ, चील, बुलबुल

76. शालिनी कक्षा V के शिक्षार्थियों को 'पोषण' पर आधारित प्रकरण से परिचित कराना चाहती है। उन्हें–

(A) पोषक तत्वों से भरपूर विभिन्न प्रकार के भोजन के उदाहरण देने चाहिए

(B) विभिन्न प्रकार के भोजन को प्रदर्शित करने वाले चार्ट का प्रयोग करना चाहिए

(C) शिक्षार्थियों से कहना चाहिए कि वे अपने-अपने टिफिन बॉक्स खोलें, उसके तत्वों का अवलोकन करें और उसके बाद उन्हें व्याख्या करनी चाहिए

(D) श्यामपट्ट पर पाचन तन्त्र का आरेख बनाना चाहिए

77. जीव-जन्तुओं पर आधारित पाठ को पढ़ाने के बाद, शीतल कक्षा IV के शिक्षार्थियों के लिए चिड़ियाघर के भ्रमण का आयोजन करती है। यह ......... में शिक्षार्थियों की मदद करेगा।

(A) दैनिक समय-सारिणी की चर्या में बदलाव

(B) कक्षा-कक्षीय अधिगम को वास्तविक जीवन की परिस्थितियों के साथ जोड़ने

(C) जीव-जन्तुओं को पालतू कैसे बनाया जाए इसके प्रति संवेदनशीलता विकसित करने

(D) जीव-जन्तु संरक्षण के कौशलों के विकास

78. नीचे दिया गया पैराग्राफ़ पढ़िए जिसे गाँव के एक छात्र ने अपने घर के विषय में लिखा है–

"मैं गाँव से आया हूँ। हमारे गाँव में अत्यधिक वर्षा होती है। इसलिए हमारे घर धरती से लगभग 10 से 12 फुट (3 से 3·5 मीटर) ऊँचे बने होते हैं। इन्हें मज़बूत बाँस के खम्भों पर बनाया जाता है। ये घर अन्दर से भी लकड़ी के बने होते हैं।"

यह गाँव होना चाहिए–

(A) असम में (B) तमिलनाडु में

(C) उत्तराखण्ड में (D) आन्ध्र प्रदेश में

79. निम्न में से कौन-सा पर्यावरण की कक्षा में रूपात्मक आकलन का समुचित कारक नहीं है ?

Visit Us - www.allgovtjobsindia.in

(A) दिए गए प्रयोगात्मक क्रियाकलापों को पूरा करना और अपने अवलोकन को दर्ज़ करना

(B) दिए गए प्रयोगात्मक प्रारूप के चि ांकन वाले आरेख बनाना

(C) जल प्रदूषण की हानियों के बारे में चर्चा करना

(D) पाठ में दी गई महत्वपूर्ण शब्दावली की परिभाषा की व्याख्या करना

**80.** निम्नलिखित पक्षियों में से कौन काफी हद तक अपनी गर्दन को पीछे तक घुमा सकता है ?

(A) उल्लू (B) कौआ

(C) कोयल (D) मैना

**81.** ब्रेल लिपि में, मोटे काग़ज़ पर उभरे हुए बिन्दु बने होते हैं। यह लिपि आधारित होती है–

(A) 6 बिन्दुओं पर (B) 8 बिन्दुओं पर

(C) 10 बिन्दुओं पर (D) 4 बिन्दुओं पर

**82.** हमारे देश के नीचे दिए गए किस भाग में खाने की चीज़ें जैसे टैपिओका और नारियल को लोग अपने घर के आँगन में ही उगाते हैं और उन्हें इनसे बने खाने का स्वाद बहुत अच्छा लगता है ?

(A) असम (B) गोवा

(C) केरल (D) आन्ध्र प्रदेश

**83.** कक्षा V के शिक्षार्थियों में जिज्ञासा जाग्रत करने का निम्न में से सबसे प्रभावी तरीका है–

(A) लिखित कार्य में उन्हें अधिक अभ्यास देना

(B) अकसर-इकाई परीक्षणों का आयोजन करना

(C) गहन जाँचपरक और कल्पनापरक प्रश्न पूछना

(D) अधिक हस्तपरक अनुभव प्रदान करना

**84.** हरप्रीत अपने शिक्षार्थियों को यह सुझाव देना चाहती हैं कि पर्यावरण संरक्षण के लिए किस प्रकार एक व्यक्ति सबसे अच्छे सम्भावित तरीके से अपना योगदान दे सकता है। उनका सबसे बेहतर सुझाव हो सकता है–

(A) कार, स्कूटर आदि जैसे व्यक्तिगत वाहन न रखें

(B) घर से बाहर अकसर आने-जाने से बचना

(C) अपने व्यक्तिगत वाहन के इंजन की नियमित जाँच

(D) आने-जाने के लिए सार्वजनिक साधनों का प्रयोग करना

**85.** रश्मि को यह सिखाया जाता है कि वह प्रश्न-पत्र बनाते समय निम्न चरणों (क्रम में नहीं हैं) का अनुपालन करें–

1. प्रश्न लिखना
2. रूपरेखा/डिज़ाइन तैयार करना
3. प्रश्न-पत्र का सम्पादन करना
4. ब्लू-प्रिंट तैयार करना

अनुपालन किए जाने वाले चरणों का सही क्रम कौन-सा है ?

(A) 2, 4, 1, 3 (B) 4, 1, 2, 3

(C) 1, 2, 4, 3 (D) 4, 2, 1, 3

**86.** हाथियों के विषय में नीचे दिया गया कौन-सा कथन सही है?

(A) तीन महीने के हाथी के बच्चे का भार सामान्यत: लगभग 2 क्विंटल होता है

(B) वयस्क हाथी एक दिन में 2 क्विंटल से भी अधिक पत्ते और झाड़ियाँ खा सकता है

(C) हाथी दिन में 8 से 10 घण्टे सोते हैं

(D) हाथी अपना अत्यधिक भार होने के कारण बहुत आराम करना पसन्द करते हैं

**87.** "यदि एक महीने के लिए बिजली न हो, तो हमारा जीवन किस प्रकार प्रभावित होगा ?" इस प्रश्न को पूछने का उद्देश्य है ?

(A) बिजली के स्रोतों के बारे में शिक्षार्थियों का आकलन करना

(B) शिक्षार्थियों के कल्पनात्मक और चिन्तनपरक कौशलों का विकास करना

(C) शिक्षार्थियों की सामान्य जानकारी का आकलन

(D) समुचित तरीके से बिजली का प्रयोग करने के प्रति शिक्षार्थियों को संवेदनशील बनाना

**88.** बिहार राज्य के लोगों के लिए मधुमक्खी पालन शुरू करने की सबसे अच्छी अवधि कौन-सी होती है ?

(A) अप्रैल से जून (B) जुलाई से सितम्बर

(C) अक्टूबर से दिसम्बर (D) जनवरी से मार्च

**89.** कोई रेलगाड़ी गाँधीधाम से 16 जुलाई, 2014 को प्रात: 05 : 15 बजे स्टेशन छोड़कर 18 जुलाई, 2014 को प्रात: 04 : 45 बजे नागरकोइल स्टेशन पर पहुँचती है। रेलगाड़ी द्वारा चली गई दूरी 2649 किमी है। इस रेलगाड़ी की औसत चाल, किमी/घण्टा में, लगभग है–

(A) 56 (B) 55

(C) 54 (D) 57



Visit Us - www.allgovtjobsindia.in

90. 'खेजड़ी' वृक्ष के बारे में सही कथनों को चुनिए—

1. यह वृक्ष मुख्यत: रेगिस्तानी क्षेत्रों में पाया जाता है।
2. इसे अधिक जल की आवश्यकता नहीं होती।
3. यह छायादार वृक्ष है जिसकी छाया में बच्चे खेलना पसन्द करते हैं।
4. यह अपने तने में जल एकत्र करता है और लोग पतले पाइप से इस जल को पीते हैं।

(A) 2, 3 और 4
(B) 1, 3 और 4
(C) 1, 2 और 4
(D) 1, 2 और 3

## भाग–IV

## भाषा–I : अंग्रेजी

**Directions :** *Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.*

91. How can teachers respond to or 'correct' students' writing in ways that are effective ?

(A) Writing detailed comments in the margin
(B) Offering encouraging and summary remarks
(C) Locating patterns of error and suggesting improvement
(D) Correcting every error in the essay

92. Educators use YouTube to teach visual learners with videos, podcasts for auditory learners and interactive games for tactile learners in a language class. Here, multi-media caters to individual—

(A) learning styles
(B) authentic second language
(C) learning disabilities
(D) linguistic differences

93. ".... supply 'comprehensible input' in low anxiety situations" is the basis of language acquisition. An example would be—

(A) collaboration of students in learning situations
(B) home-work designed to use parents' support
(C) students receive feedback for error correction regularly
(D) teacher-directed learning in the classroom

94. Some parents of students with learning difficulties may have unrealistic expectations from their children. The teacher can support such students by—

(A) explaining to the parents about the child's characteristics and abilities
(B) providing instructions for dealing with the students at home
(C) making a clear reference to the learning objectives
(D) persuading them to liaise with other such students

95. Develop a resource box for Class I. Teacher gives 3 instructions to each student regarding which items are to be put in it. [*e.g.* : puppets, pieces of coloured fabric, brushes, stencils, colour pencils, small toys, etc.]. Student follows instructions. The activity is—

(A) stage in a listening session when a listener completes a task
(B) listening to natural conversation between teacher and student
(C) listening to a speech which is semi-scripted
(D) listening with concentration for specific information needed for a task

96. Which activity best supports the practice of speaking skills ?

(A) Teacher's giving purposeful dictation by integrating it with a spoken activity
(B) Individually, students read a case-study and draft a response
(C) Students tell their version of a story based on some hints, and apply it to a problem-solving situation
(D) Students independently research a topic and present a formal report

97. Vocabulary in the target language should be kept under control, i.e., graded. This can be done by—

(A) students learning and practising in the context of real situations
(B) students write/speak using a graded list of new words
(C) students read a prescribed book and take a vocabulary quiz
(D) teachers providing a short list of words that are commonly used



Visit Us - www.allgovtjobsindia.in

**98.** Teachers can remediate for the student with language learning difficulty by—

(A) providing notes that are summarized and simplified

(B) initially, giving information as reading only, no writing

(C) conduct extra classes for the student to 'catch up' with others

(D) focusing on individual progress with individualized instruction

**99.** Language is taught by beginning with simple sentences instead of the initial sounds and blends. This implies that—

(A) pronunciation has no place in language acquisition

(B) grammar and pronunciation have equal place in language teaching

(C) grammar is an important basis of communication

(D) communication is based on complete sentences

**100.** Teachers can demystify abstract grammatical terminology so that students can write through the—

(A) separating of spoken and written forms of language

(B) linking of spoken language with writing

(C) frequent feedback on only grammatical errors

(D) explicit teaching of certain structures

**101.** The teaching of reading by associating characters or groups of characters with sounds is the ........... method.

(A) direct (B) phonic

(C) whole-language (D) morphemic

**102.** The teacher's cues for activities are given in the first language, in a second language class. This ............. exploits the communicative potential of a given structure.

(A) communicative approach

(B) bilingual technique

(C) structural technique

(D) sandwich approach

**103.** Examples of "Creative Reading" projects for assessment are—

(A) surfing the internet for related information

(B) dramatization, role-play and re-writing from a different point of view

(C) reading for meaning

(D) reference work done in the library for more information on the theme

**104.** The second language classroom is a confluence of varied languages. Teachers should give their students—

(A) summaries and simplified versions of texts

(B) worksheets with a variety of tasks while covering the syllabus

(C) comfortable environments to develop requisite skills

(D) adequate self-explanatory notes

**105.** To achieve communicative competence, learners need to be competent in four aspects : linguistic, sociolinguistic, discourse, and strategic competences. Here, 'linguistic competence' concerns students—

(A) expression of meaning of what they communicate

(B) use of formats and stylistic devices

(C) content organization and use of vocabulary

(D) use of syntax, lexis and structures

**Directions :** *Read the poem given below and answer the questions that follow (Q. No. 106 to 111) by selecting the* ***most appropriate*** *option.*

**THE LAST CONQUEROR**

Victorious men of earth, no more
 Proclaim how wide your empires are;
Though you bind-in every shore
 And your triumphs reach as far
  As night or day,
 Yet you, proud monarchs, must obey
And mingle with forgotten ashes, when
Death calls ye to the crowd of common men.

Devouring Famine, Plague, and War,
 Each able to undo mankind,
Death's servile emissaries are;
 Nor to these alone confined,
  He hath at will
 More quaint and subtle ways to kill;
A smile or kiss, as he will use the art,
Shall have the cunning skill to break a heart.



Visit Us - www.allgovtjobsindia.in

**106.** "... servile emissaries" means—

(A) humble messengers
(B) those who protect
(C) messengers of peace
(D) risky behaviour

**107.** "More quaint and subtle ways to kill;
A smile or kiss, as he will use the art,"
—tells the reader that the speaker

(A) is afraid of his enemies
(B) hates wars
(C) distrusts human nature
(D) believes in human goodness

**108.** "... the cunning skill" —refers to—

(A) skilful soldier
(B) a manipulative king
(C) hidden threat
(D) a weapon of war

**109.** "... mingle with forgotten ashes" means—

(A) fires on the battlefield
(B) threats to life
(C) hidden dangers
(D) dead persons

**110.** Here, 'subtle' means—

(A) hidden (B) suggestive
(C) sullen (D) stupid

**111.** "And your triumphs reach as far
As night or day,"
The poetic device found in these words is a—

(A) metaphor (B) simile
(C) formula (D) pathetic fallacy

**Directions :** *Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. No. 112 to 120) by selecting the* ***most appropriate*** *option.*

In this floating village in Brazil, there is only one way to travel. Students go to school by boat. Locals go to worship by boat. Taxis arrive by boat. Even the soccer field is often a boat. There are three homemade fields on land, but they are submerged now in the annual flooding of the Black River. If the wooden goal posts had nets, they would be useful this time of year only for catching fish. So, young players and adults improvise. They play soccer at a community centre that has a roof but no walls. They play on the dock of a restaurant. And they play on a parked ferry, a few wearing life jackets to cushion their fall. The high-water mark in the Rio Negro this year was the fifth highest in more than a century of measurements.

As scientists study the impact of deforestation on the Amazon basin, and the cooling and warming of the Pacific Ocean, extreme patterns observed over the last 25 or 30 years raise an important unanswered question : "Are these trends human-induced climate change, or can we explain this with natural variability?"

Villagers said that passing boats sometimes knocked down power lines during periods of exceptionally high water. And while the soccer fields are usually available for about half the year, the land has recently been dry enough for only four or five months of play. "We don't have a place for the children to play," said de Sousa, a shop owner. "They are stuck in the houses, bored." The most adventurous, though, will find a game somewhere.

**112.** "... will find a game somewhere" suggests that—

(A) football is lost during the floods
(B) the Black River is no threat to a game of football
(C) high grounds are reserved for the popular game
(D) people will play football in the water

**113.** The floating village is famous for its—

(A) craze for sports
(B) annual flooding
(C) suffering of the locals
(D) Black River

**114.** The wooden goal posts had nets that are ...... during floods.

(A) used as nets (B) useless
(C) misused (D) floating around

**115.** "The passing boats sometimes knocked down power lines" suggests that the—

(A) water was charged
(B) the flood levels were high
(C) electric poles had fallen
(D) rescue boats are careless



Visit Us - www.allgovtjobsindia.in

116. A word that can best replace the word 'improvise' is—
(A) share (B) plan
(C) devise (D) contrive

117. In this paragraph, 'to cushion' means to—
(A) protect (B) pad
(C) abate (D) separate

118. Identify the correct statement.
Flooding has ............ over a period of time.
(A) been increasing (B) been unpredictable
(C) been decreasing (D) remained the same

119. Pick out the **false** statement.
(A) The residents enjoy football the most.
(B) The goal posts and nets are useless during the floods.
(C) The community centre is the only space for playing.
(D) The lines remain in place during the floods.

120. The antonym of the word 'exceptionally' is—
(A) generally (B) markedly
(C) easily (D) extraordinary

## भाग–IV
## भाषा–I : हिन्दी

**निर्देश**—नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए सबसे सही विकल्प चुनिए–

91. प्राथमिक स्तर पर शिक्षा का माध्यम–
(A) अंग्रेजी होना चाहिए
(B) उर्दू होना चाहिए
(C) बच्चे की मातृभाषा होना चाहिए
(D) हिन्दी होना चाहिए

92. बच्चे प्रारम्भ से ही–
(A) द्विभाषिक होते हैं
(B) बहुभाषिक होते हैं
(C) भाषा में कमजोर होते हैं
(D) एकभाषिक होते हैं

93. प्राथमिक स्तर की पाठ्य-पुस्तकों का निर्माण करते समय आप किस बिन्दु पर विशेष ध्यान देंगे?
(A) हिन्दी भाषा के वैविध्यपूर्ण रूप शामिल हों
(B) उपदेशात्मक पाठ शामिल हो
(C) कहानियाँ अधिक-से-अधिक शामिल हों
(D) प्रसिद्ध लेखकों की रचनाएँ शामिल हों

94. चॉम्स्की के अनुसार कौन-सा कथन सही है?
(A) बच्चों में भाषा सीखने की जन्मजात क्षमता नहीं होती
(B) बच्चों में भाषा सीखने की क्षमताएँ बहुत सीमित होती हैं
(C) बच्चों को व्यवाकरण सिखाना जरूरी है
(E) बच्चों में भाषा सीखने की जन्मजात क्षमता होती है

95. पाठ के अन्त में अभ्यास और गतिविधियाँ देने का उद्देश्य है–
(A) बच्चों के व्यस्त रखने हेतु गतिविधियाँ बनाना
(B) बच्चों को याद करने हेतु सामग्री उपलब्ध करने में सहायता करना
(C) गृहकार्य की सामग्री जुटाना
(D) बच्चों को अभिव्यक्ति के अवसर देना

96. भाषा अर्जित करने की प्रक्रिया में किसका महत्व सर्वाधिक है?
(A) भाषा-प्रयोगशाला का (B) पाठ्य-पुस्तक का
(C) समाज का (D) भाषा-कक्षा का

